# ईवेंट-2 ऑफिस ऑटोमेशन प्रतियोगिता में धर्मेन्द्र तोमर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**भोपाल (काप्र)।** राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024-2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता का आयोजन 17/12/2024 को पुलिस अकादमी भौंरी, भोपाल में किया गया। जिसमें पुलिस मुख्यालय, भोपाल के उप निरीक्षक-अ धर्मेन्द्र तोमर, प्रशासन शाखा (विधि-2) ने ईवेंट-2 ऑफिस ऑटोमेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही श्री तोमर पुलिस मुख्यालय की राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता की टीम में भी चयनित हो गए है।

विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) विजय कटारिया ने राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में श्री तोमर और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंरने कहा कि यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान है बल्कि पुलिस मुख्यालय भोपाल की पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है। श्री धर्मेन्द्र तोमर की इस सफलता से अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रेरित होंगे और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उम्मीद है कि वे वहां भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और भोपाल पुलिस मुख्यालय का नाम रोशन करेंगे। साथ ही विजय कटारिया, विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन), पुलिस मुख्यालय द्वारा धर्मेन्द्र तोमर को नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) श्रीमती रुचिवर्धन मिश्र सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तरीय कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में श्री तोमर और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी।

# शुभता से भर देता है जीवन को बड़ों का आशीष : भाऊ

## मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई

**भोपाल (हिनप्र)।**



**मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया। खट्टी मीठी यादों को ताजा करते हुए, 11वीं के साथियों को विद्यालय ध्वजा सौंपी है। विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमैन सिद्धभाऊ विद्यार्थियों के बीच पहुंचे।**

सिद्धभाऊ ने कहा कि बड़ों का आशीष जीवन को शुभता से भर देता है। आप सभी आगे के जीवन में चारित्रिक रूप से सदैव मजबूत रहें। आपके माता-पिता ने आपकी शिक्षा के लिए जो त्याग, समर्पण किया है उनका सदा सम्मान करें। उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को कभी भी धूमिल न करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा में आप विनम्रता तथा सादगी का आभूषण धारण करें।

दिखावे की ओर ध्यान न दें, सोशल मीडिया का ज्यादा न उलझें। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी का रिश्ता विद्यालय से कभी नहीं छूटने वाला है। अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी ने कहा आप महाविद्यालयीन शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं अब आपको बहुत बदला हुआ परिवेश मिलने वाला है। संस्था सह सचिव रामनानी और प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने विचार व्यक्त किए। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों दक्ष केसवानी एवं प्रज्वल हेमनानी ने कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए उद्गार प्रस्तुत किए। सत्र 2024-25 के छात्र प्रमुख कृष्णा सीतलानी ने विद्यालय ध्वज कक्षा ग्यारहवीं के छात्र मोहित दे को सौंपा। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने गीतों व नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को टाइटल दिए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजू गोगिया, शशि नाथ एवं विद्यालय छात्र मोहित दे व शुभ प्रजापति द्वारा किया गया।

# साहू लॉ चेम्बर के कैलेंडर का विमोचन



**भोपाल (काप्र)।** साहू लॉ चेम्बर के क्लेण्डर का विमोचन भोपाल नगर निगम की महापौर श्रीमती मालती राय के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ साहू लॉ चेम्बर के क्लेण्डर के संपादक अखिल भारतीय नोटरी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लॉयन महेश कुमार साहू एडवोकेट द्वारा विगत पिछले पच्चीस वर्षा से प्रकाशित किया जा रहा है।

ये बहुरंगीय क्लेण्डर आम जनता को नि:शुल्क वितरित किया जाता है इस क्लेण्डर में हाईकोर्ट के अवकाश, जिला न्यायालय एवं म.प्र. शासन के अवकाश एवं महत्वपूर्ण नेताओ एवं अधिकारीयो की जानकारी एवं एम.पी.ई.बी., भोपाल के अस्पताल, शमशान घाट एवं शव वाहानो के महत्वपूर्ण टेलीफोन नम्बर एवं मोबाईल नंबर का समावेश किया गया इस अवसर पर क्लेण्डर के संपादक लॉयन महेश कुमार साहू एडवोकेट, एवं अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम पटेल एडवोकेट, एम.एल.राय एडवोकेट, संजय गुप्ता एडवोकेट, संजय कुमार सेन एडवोकेट, लॉयन मो. रीजवान समाज सेवी, पीयूष साहू ,सुनिल साहू आदि उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के बाद समय पर हो रही बिलिंग तथा रीडिंग

**भोपाल।** केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 76 हजार 277 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें से भोपाल शहर वृत्त में 66 हजार 943, भोपाल ग्रामीण में 6 हजार 745, ग्वालियर शहर वृत्त में 97, ग्वालियर ग्रामीण में 559, नर्मदापुरम ग्रामीण में 1 हजार 414, बैतूल ग्रामीण में 99, राजगढ ग्रामीण में 102, सीहोर ग्रामीण में 305, विदिशा ग्रामीण में 14 स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जहां जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण कार्ड का विमोचन हुआ



**भोपाल (हिनप्र)।** सैनिक कॉलोनी नुक्कड वाली माता मंदिर प्रागंण में 17 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक हनुमान महाराज जी की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ महोत्सव होगा। गुफा मंदिर के महामण्डलेश्वर रामप्रवेश दासजी महाराज समारोह के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया।

रामप्रवेश दास ने कहा कि कलयुग में श्री हनुमान महाराज की विशेष कृपा है।

समस्त नुक्कड वाली माता मंदिर समिति के सदस्यों को धार्मिक कार्य करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर रवि पटेरिया ने गुफा मंदिर के पूजारी पं लेखराज शर्मा, गोविंद शर्मा, नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, गोविंद गर्ग को भी आमंत्रण दिया।

## जेडी-डीईओ ने जारी किए शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश

**भोपाल( काप्र )।** भोपाल में पदस्थ प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का छह साल का इंतजार समाप्त हुआ। संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रथम और द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी कर दिए हैं। इससे भोपाल में पदस्थ शिक्षकों में से 3000 के वेतन में प्रति माह 3 से 5 हजार रुपए की वृद्धि हो गई है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, जेडी और डीईओ का आभार व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने साल 2018 में अध्यापकों को नियमित करने के लिए नवीन शिक्षक संवर्ग का गठन किया है। इसमें साल 1996 से अब तक नियुक्त सभी शिक्षकों को समाहित किया गया है। इनमें से हजारों शिक्षकों की 12 साल की सेवा साल 2018 में ही पूरी हो चुकी थी।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### विकसित भारत के...

गया। खेल के क्षेत्र में, 2024 के लिए पीएम मोदी के द्वारा साझा किए गए इस वीडियो में पैरा-ओलंपिक में भारत द्वारा जीते गए रिकॉर्ड 29 पदकों पर भी प्रकाश डाला गया। पर्यावरण के लिए, पीएम मोदी के वीडियो में एक पेड़ मां के नाम का संदेश दिया गया, जिसके कारण 102 करोड़ पौधे लगाए गए और भारत की हरित ऊर्जा उत्पादन क्षमता में हुई वृद्धि को उजागर किया गया। 17 सितंबर को अपना जन्मदिन सैन्य जवानों के साथ मनाने के लिए जाने जाने वाले पीएम मोदी ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और लिखा कि आशा करते हैं कि यह साल सभी के लिए समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य लेकर आएगा।

### मोदी के नेतृत्व...

वृद्धि हुई। खासकर बुनियादी ढांचे, इंजीनियरिंग और विनिर्माण की दुनिया में। सुजुकी मोटर्स के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि पिछले 10 वर्षों में, विनिर्माण उद्योगों के लिए पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व और निरंतर समर्थन के तहत, भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार लगातार विस्तार कर रहा है। नतीजतन, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है। थॉमस डोमके ने कहा कि जब मैं उस समय और आज के भारत की तुलना करता हूँ, तो मुझे अविश्वसनीय ऊर्जा दिखती है; चीजें आगे बढ़ रही हैं और विकसित हो रही हैं। तब मेट्रो नहीं थी, और अब हमारे पास कई लाइनें हैं। हवाई अड्डा अद्भुत, आधुनिक और साफ-सुथरा है। मुझे लगता है कि यह सॉफ्टवेयर उद्योग में जो हो रहा है उसका भी प्रतिबिंब है। भारत में पहले से ही बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं। एक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के शब्दों में भी स्पष्ट है, जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर विज्ञान में भारत की विशेषज्ञता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के कुछ महानतम कंप्यूटर वैज्ञानिकों का घर है। इसलिए, यह एक शानदार अवसर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी एक नया उद्योग है, एक नया विनिर्माण उद्योग है जो बहुत महत्वपूर्ण है, और इसलिए मैं इसे संभव बनाने के लिए भारत के साथ बहुत गहरी साझेदारी करने के लिए उत्सुक हूं। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष क्रिस्टोफर जे. एलियास ने भारत की विकास गाथा की सराहना करते हुए कहा कि अन्य देश अपने स्वास्थ्य सेवा और अन्य विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद के लिए भारत के सफल डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल का उपयोग कर सकते हैं। भारत की डीपीआई की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत में विशेष उपलब्धि का एक क्षेत्र जो मुझे लगता है कि दुनिया के लिए एक अच्छा मॉडल हो सकता है, वह है डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, जिसने वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य आदि में बहुत प्रगति हासिल करने में मदद की है। बिल गेट्स ने कहा कि वे भारत के भविष्य को लेकर आशावादी हैं।

### बिहार में शीतलहर...

बना हुआ है। आज राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री कम 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 16 डिग्री रहने की संभावना है। नए साल के पहले दिन यानी बुधवार को दिल्ली की सुबह मध्यम कोहरे के साथ हो सकती है। साथ ही कुछ जगहों पर सर्द दिन रहने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक रह सकता है। अगले दिन राजधानी में ऐसा ही मौसम रह सकता है। साथ ही देर रात और सुबह के समय मध्यम स्तर का कोहरा भी चाया रह सकता है। जिसके बाद 4 जनवरी से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। जिससे ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। 4 से 6 जनवरी के दौरान अधिकतम तापमान 15 से 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में भी पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर ठंडा दिन रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मौसम शुष्क रहने वाला है। साथ ही सुबह के समय छिछला से मध्यम कोहरा भी छा सकता है। 2 से 5 जनवरी के दौरान यूपी में फिलहाल कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस दौरान दोनों हिस्सों में मौसम शुष्क रहने और सुबह के समय कहीं-कहीं कोहरा छाने की संभावना है। वहीं 6 जनवरी को पश्चिमी यूपी में हल्की बारिश का भी अनुमान जताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। जिसके बाद अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी मामूली इजाफा हो सकता है। पटना समेत पूरे बिहार में ठंड का सितम जारी है। कई जिलों के तापमान में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। बिहार में भी नए साल की शुरुआत शीतलहर के साथ होने वाली है। मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। अगले 3 दिन के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इस अवधि में कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम कोहरा भी छाया रह सकता है। 4 से 7 जनवरी के दौरान बिहार में किसी तरह की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इस पूरी अवधि में प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। राजस्थान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। साथ ही शीतलहर का प्रकोप भी बरकरार है। कुछ जगहों पर सुबह और देर रात को घना कोहरा भी पड़ रहा है। नए साल के पहले दिन राजस्थान में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दिन कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। 2 से 4 जनवरी तक मौसम शुष्क ही बना रह सकता है। 4 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित करने के आसार हैं। 5 जनवरी को बीकानेर, जोधपुर संभागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। 6 जनवरी को भी मौसम शुष्क ही बना रहने के आसार हैं।

### मोदी सरकार में...

लिए मजबूर होना पड़ता है तो महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को आईसीयू की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर किए जाते हैं क्योंकि उन पर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है। ये जगज़ाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान- विरोधी राज में दलित, आदिवासी, पिछड़े तथा अल्पसंख्यक वर्ग के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं तथा गरीब और वंचित हैं वो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं। उन्होंने कहा कि दलित तथा आदिवासी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हर घंटे एक अपराध होता है और राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के मुताबिक़ ये आंकड़े 2014 से दोगुने हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देगी और भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच का मुक़ाबला करती रहेगी।

### प्रस्ताव लाकर तुरंत...

कहा कि पिछले 10 सालों से धर्म और धार्मिक स्थलों का अपमान करने वाले श्री केजरीवाल को आज चुनाव आते ही पुजारी और ग्रंथी याद आने लगे। श्री केजरीवाल बतायें कि आखिर वह चर्च के पादरियों को क्यों भूल गये। बिना किसी योजना के श्री केजरीवाल सिर्फ चुनावी छलावा करते जा रहे हैं, उनके छलावे में पुजारी, ग्रंथी, पादरी, महिलायें और बुजुर्ग सभी शामिल हैं। इस दौरान सुश्री स्वराज ने नारा दिया कि विद्यालय कह मदिरालय का जाल बिछाया, जब चुनाव आया तो श्री केजरीवाल को देवालय याद आया।

## मानव संग्रहालय को विज्ञान मेले में तृतीय स्थान प्राप्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल और विभा द्वारा आयोजित 11वें भोपाल विज्ञान मेले 2024 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय,



भोपाल ने ग्रामीण प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन में उत्कृष्ट योगदान देकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

यह मेला 27 से 30 दिसंबर 2024 तक बीएचईएल स्थित जंबूरी मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मानव संग्रहालय ने मध्य प्रदेश की आगरिया जनजाति की पारंपरिक लौह प्रगलन तकनीक का जीवंत प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को 5 आगरिया जनजातीय कलाकारों के सहयोग से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों और विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। मेले के समापन समारोह में प्रदर्शनियों का मूल्यांकन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को पुरस्कृत किया गया।

# सिंधी महिला पंचायत ने किया ब्रह्म दर्शन पाठ



**भोपाल (हिनप्र)।** नव वर्ष के स्वागत में सिंधी महिला पंचायत द्वारा लगातार दो दिन ब्रह्म दर्शनी पाठ साहिब का वाचन किया गया, पद्मा उदासी ने पाठ साहिब किया और श्रद्धालुओं ने राम धुनी लगाई गई। अरदास, पल्लव, भजन -कीर्तन भी हुआ। सावित्री देवी प्रियानी की पुण्य तिथि पर कन्या भोज कराया गया। पंचायत की किरण वाधवानी, मधु लालवानी, मयूरी मुरजानी, नूतन लखानी, नेहा आहूजा, नैना वाधवानी, मुस्कान कृपलानी, माया भगवानी, द्रोपदी वाधवानी, लाजवंती वाधवानी, वासदेवी गंगवानी, चंदा पेसवानी, कन्हैया प्रियानी साक्षी प्रियानी मौजूद रहीं।

# जेएसएस ने 45 लाख से अधिक जरूरतमंदों की सेवा की

### संतजी की प्रेरणा से स्थापित सेवा प्रकल्प है संस्थान

**भोपाल (हिनप्र)।**

जीव सेवा संस्थान 30 के सचिव महेश दयारामानी ने 30 सालों में संस्थान के सेवा कार्यो को गिनाया है। आने वाले वर्ष 2025 में अपनी सभी सहयोगी संस्थान के साथ मिलकर और अधिक उत्साह से सेवा कार्य में समर्पित रहने का संकल्प दोहराया है।

बता दे जेएसएस समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और भरण-पोषण के क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रहा है। अब तक 45 लाख से अधिक लोग इस संस्थान की सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। यह संस्थान देश की उन गिनी-चुनी परोपकारी संस्थाओं में शामिल है, जो इतने बड़े स्तर पर सेवा कार्य संचालित करती हैं। वर्ष 2024 में भी संस्थान ने समाज के कमजोर व वंचित वर्गों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान की। 47 गरीब बालिकाओं के विवाह सहायता, 508 गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, 318 विधवाओं को प्रतिमाह पेंशन सहायता, 353 गरीब परिवारों को प्रतिमाह राशन सहायता, 75 गरीब रोगियों को चिकित्सा सहायता, 62 परिवारों को मृतक सदस्य के अंतिम संस्कार के लिए सहायता कर चुकी है। 8 गरीब गर्भवती महिलाओं को पोषण सहायता, 2364 गरीबों और खुले में सोने वालों को कंबल वितरण किया। इसके अलावा अपनी सहयोगी संस्थाओं व अन्य परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से 233 गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, 35 गरीब रोगियों को चिकित्सा सहायता, 15 गरीब परिवारों को प्रतिमाह राशन सहायता, 40 विकलांगों को सहायक उपकरण दिए हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम विष्णु शर्मा पुत्र रामप्रकाश सिंह था जिसमें आज से परिवर्तन करके जोगेन्दर सिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह किया गया है। भविष्य में मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मुझे जोगेन्द्रर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

3058 **जोगेन्द्रर सिंह**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम भान सिंह पुत्र दिनेश सिंह था जिसमें आज से परिवर्तन करके विष्णु प्रसाद पुत्र दिनेश सिंह किया गया है। भविष्य में मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मुझे विष्णु प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

3057 **विष्णु प्रसाद**

**1 म.प्र. नौसेना इकाई राकेको सिविल लाईन्स, प्रोफेसर कालोनी भोपाल-462002**

**दूरभाष: 0755-2661151 ईमेल आईडी-** Impnavalncc@gmail.com

क्रमांक 406/क्यू/एनसीसी/अपलेखन भोपाल दिनांक 24 दिसंबर 2024

**अनुपयोगी सामग्री नीलामी हेतु निविदा सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 1 म.प्र. नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल के भण्डार की अनुपयोगी भण्डार सामग्री अपर महानिदेशक एनसीसी निदेशालय (म.प्र. एवं छग.) के द्वारा अपलेखन करने की स्वकृति के उपरांत नीलामी की जाना है।

सामग्री देखने हेतु दिनांक 6 एवं 7 जनवरी 2024 को प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यलय मे संपर्क किया जा सकता है।

अत: अनूपयोगी सामग्री के क्रय-विक्रय हेतु पंजीकृत समस्त क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि अनुपयोगी भण्डार सामग्री जैसे मोटर बोट इंजन, बोट ओर्स, लाईफ जैकेट स्क्रेप आदि को "जहाँ है जैसा है" स्थिति मे क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित है। लिफाफा बंद निविदा इस कार्यालय मे रखे टेंडर बाक्स मे जमा करें।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय - 09 जनवरी 2025 (गुरूवार) समय दोपहर 12 बजे तक

निविदा खुलने की तिथि व समय -09 जनवरी 2025 (गुरूवार) समय दोपहर 3 बजे।

**1 म.प्र. नौसेना इकाई राकेको सिविल लाईन्स प्रोफेसर कालोनी भोपाल-462002**

**जी-20996/24**